Profits and Losses of Central Warehousing Corporation

818. SHRI BALBIR SINGH : Will the Minister of FOOD be pleased to state :

(a) what are the profits or losses of the Central Warehousing Corporation for the last three years; and

(b) whether the said Corporation is still necessary in view of the changed policy about Public Sector Undertakings ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD (SHRI TARUN GOGOI) : (a) The net profit earned by the Central Warehousing Corporation during the last 3 years is as under :—

Year	Net profit after tax (Rs. in lakhs)
1989-90	4048.55
1990-91	4346.78
1991-92	4208.83

(b) Yes, Sir.

उत्तर प्रदेश में गन्ना-उत्पादकों को देय बकाया राशि

819. **श्री वीरेन जे. शाह :**
डा. जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में केन्द्रीय सरकार द्वारा संचालित चार चीनी मिलों की ओर गन्ना-उत्पादकों की लगभग 937.94 लाख रुपये की राशि बकाया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने भी केन्द्रीय सरकार से गन्ना-उत्पादकों को तुरन्त इस राशि का भुगतान करने का अनुरोध किया है;

(ग) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की है; और

(घ) क्या सरकार बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) : (क) केन्द्र सरकार द्वारा उत्तर-प्रदेश में कोई भी चीनी मिल संचालित नहीं की जा रही है । तथापि, उत्तर प्रदेश में चार चीनी मिलें निगम/कंपनी द्वारा चलाई जा रही हैं जिसमें केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण शेयर भागीदारी है । इन चार मिलों से संबंधित गन्ना कीमत के बकाया की स्थिति विवरण में दी गई है **(नीचे देखिए)** ।

(ख) से (घ) गन्ना कीमत के बकाया का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मुख्य जिम्मेदारी राज्य सरकार की है जिसके पास किसानों को गन्ना कीमत के बकाया के भुगतान के लिए बाध्य करने हेतु आवश्यक शक्तियां तथा क्षेत्रीय अभिकरण हैं ।

तथापि, इन चार मिलों के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त अनुरोध को वस्त्र मंत्रालय को भेज दिया गया है जो उक्त चीनी मिलों को चलाने वाले निगम/कंपनी का प्रशासनिक मंत्रालय है ।